## पाठ - 7 ठाकुर का कुआँ ( कहानी ) कार्यपत्रिका

**1. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 2 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिय़ा करती थी । कुआँ दूर था, बार –बार जाना मुश्किल था । कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी ! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी । ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ? |

1. **सही वाक्य चुनकर लिखें ।** 1

(क) गंगी पानी लाता है । (ख) गंगी पानी लाती है ।
(ग) गंगी पानी लाते हैं । (घ) गंगी पानी लाती हूँ ।

2. ' मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ? '- यहाँ जोखू की किस हालत की ओर संकेत है ? 2

3. मान लें, ' कोई जानवर गाँव के कुएँ में गिरकर मर गया है '– गाँववालों के लिए यह बडी मुसीबत की बात है । इस पर समाचार पत्र के लिए एक **रपट** लिखें । ( रपट 80 शब्दों की हो ) 4

**2. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिय़ा करती थी । कुआँ दूर था, बार –बार जाना मुश्किल था । कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी ! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी । ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ? |

1. पानी में सख्त बदबू कैसे आयी ? 1

2. **सही वाक्य चुनकर लिखें ।** 1

(क) जोखू गंदा पानी पीने लगती है । (ख) जोखू गंदा पानी पीना लगता है ।
(ग) जोखू गंदा पानी पीने लगता है । (घ) जोखू गंदा पानी पीनी लगती है ।

4. मान लें, आपके स्कूल में ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का नाटकीकरण होनेवाला है । इसकेलिए एक **पोस्टर** तैयार करें । 4

**3. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी ने पानी न दिया । खराब पानी से बीमारी बढ जाएगी इतना जानता थी , परंतु यह न जानता थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है । बोली – " यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन –सा जानवर मरा है । कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ । " जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा –" पानी कहाँ से लाएगी ? " " ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं । क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ? " |

1. गंगी ने जोखू को पानी न दिया । क्यों ? 1

(क) पानी अत्यधिक ठंड था । (ख) पानी अत्यधिक गरम था ।
(ग) पानी खराब था । (घ) पानी नहीं उबाला था ।

3. " पानी कहाँ से लाएगी ? "– जोखू के इस कथन पर आपका विचार क्या है ? 2

4. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें । 4

**4. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 2 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिय़ा करती थी। कुआँ दूर था, बार –बार जाना मुश्किल था । कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी ! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी । ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ? गंगी ने पानी न दिया । खराब पानी से बीमारी बढ जाएगी इतना जानता थी, परंतु यह न जानता थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है । |

1. **नमूने के अनुसार लिखें ।** 1

जोखू पानी भर लेता है । जोखू पानी भर लिया करता है ।
गंगी पानी भर लेती है । गंगी पानी भर ---------------- ।

3. सामाजिक असमानता बडी समस्या है । समाज के सभी को समान अवसर का अधिकार है - इसपर **लेख** लिखें । 4

* खाना मिलने का अधिकार
* घर मिलने का अधिकार
* पानी मिलने का अधिकार
* कपडा मिलने का अधिकार

4. **सही मिलान करें ।** 4

| | |
|---|---|
| गंगी प्रतिदिन शाम | शेर के मुँह से भी भयानक है । |
| खराब पानी से | उसकी खराबी जाती रहती है । |
| गंदा पानी को उबालने से | बीमारी बढ जाएगी । |
| ठाकुर का दरवाज़ा | पानी भर लेती है । |

**4. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 2 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी प्रतिदिन शाम पानी भर लिय़ा करती थी। कुआँ दूर था, बार -बार जाना मुश्किल था । कल वह पानी लाई, तो उसमें बू बिलकुल न थी, आज पानी में बदबू कैसी ! लोटा नाक से लगाया, तो सचमुच बदबू थी । ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा, मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ? गंगी ने पानी न दिया । खराब पानी से बीमारी बढ जाएगी इतना जानता थी, परंतु यह न जानता थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है । |

2. **नमूने के अनुसार लिखें ।** 1

प्रकाश उभर आता था । रोशनी उभर आती थी ।

दर्द समझ सकता था । पीडा समझ ----------- ।

3. " क्या एक लोटा पानी भरने न देंगे ?"- गंगी के इस कथन पर अपना विचार लिखें । 2

4. **कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर वार्तालाप को आगे बढाएँ ।** 4

जोखू - प्यास सह नहीं पाता । ला, थोडा पानी, नाक बंद करके पी लूँ ।

गंगी - यह गंदा पानी कैसे पिओगे ? आपकी बीमारी बढ जाएगी न ?

------- - --------------------------------

**5. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी ने पानी न दिया । खराब पानी से बीमारी बढ जाएगी इतना जानता थी , परंतु यह न जानता थी कि पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है । बोली – " यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन-सा जानवर मरा है । कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ । " जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा –" पानी कहाँ से लाएगी? " " ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं । क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे? " |

2. पानी को उबाल देने से उसकी खराबी जाती रहती है - गंगी यह न जानती थी । क्यों ? 1

2. जोखू लोटे का पानी क्यों पी नहीं सका ? 2

3. **सही मिलान करें ।** 4

| | |
|---|---|
| रिवाज़ी पाबंदियों का | अपराध करते हैं । |
| ऊँच-नीच का भेदभाव | विरोध करना चाहिए । |
| छंटे लोग | सारा गाँव पीता है । |
| ठाकुर के कुएँ का पानी | स्वस्थ समाज का लक्षण नहीं है । |

**6. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| " हाथ-पाँव तुडवा आएगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से । ब्राह्मण-देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेंगे, साहूजी एक के पाँच लेंगे । गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बडी बात है । ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ? " इन शब्दों में कडवा सत्य था । |

1. **' पानी की खराबी जाती रहती है '**– का मतलब क्या है ? 1

(क) पानी शुद्ध हो जात है । (ख) पानी गंदा हो जाता है ।

(ग) पानी से बदबू आती है । (घ) पानी गरम हो जाता है ।

3. यहाँ किस कडुवे सत्य के बारे में चर्चा हुई है ? 2

4. जोखू की उस दिन की **डायरी** कल्पना करके लिखें । 4

**7. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| " हाथ-पाँव तुडवा आएगी और कुछ न होगा । बैठ चुपके से । ब्राह्मण-देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेंगे, साहूजी एक के पाँच लेंगे । गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बडी बात है । ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ? " |

1. **नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें ।** 1

कौन डाँट देगा । किससे डाँट दिया जाएगा ।

कोई डाँट बताएगी । ------------------------- ।

2. " हाँथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा ।"- जोखू के इस कथन पर आपका विचार क्या है ? 2

3. कहानी के आधार पर जोखू की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें । 4

* नीची जाति का व्यक्ति * बीमार से परेशान * पत्नी से प्यार रखनेवाला
* उच्च वर्ग से डरनेवाला * सामाजिक असमताओं को सहनेवाला

SREENATH R. KOVOOR VARKALA SCRIPS

**8. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा – हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ? |

1. **' मौके का इंतज़ार करना '–** इसका मतलब क्या है ? 1

(क) अवसर का उपयोग करना (ख) अवसर की योजना करना
(ग) अवसर का दुरुपयोग करना (घ) अवसर की प्रतीक्षा करना

2. ' सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते ।'– क्यों ? 1

(क) जोखू बीमार है । (ख) पानी खराब है ।
(ग) कुआँ दूर है । (घ) वे नीच जाति के हैं ।

3. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।** 2

- गंगी इंतज़ार करने लगी । (मौके का, जगत की)
- गंगी आड में बैठी इंतज़ार करने लगी ।
- ---------------------- ।
- --------------------- ।

**9. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा –हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ? यहाँ तो जितने हैं, एक –से–एक छंटे हैं । |

1. **नमूने के अनुसार बदलकर लिखें ।** 1

तुम पानी केलिए आती हो । तुम पानी केलिए आया करती हो ।
मैं पानी केलिए जाती हूँ । मैं पानी केलिए ------------------ ।

2. रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर गंगी का दिल विद्रोह करता है । क्या आप इससे सहमत हैं ? क्यों ? 2

3. **सही मिलान करके लिखें ।** 4

| | |
|---|---|
| गंगी जगत की आड में बैठी | एकाएक ठाकुर का दरवाज़ा खुल गया । |
| गंगी घडा और रस्सी उठा ली | विजय का ऐसा अनुभव पहले न हुआ था । |
| गंगी दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढी | मौके का इंतज़ार करने लगी । |
| गंगी झुकी कि घडे को पकडकर जगत पर रखे | वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई । |

**अथवा**

कहानी के आधार पर गंगी की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें ।

* पति से प्यार करनेवाली * आत्मविश्वास रखनेवाली * सामाजिक समस्याओं का विरोध करनेवाली

**10. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा - " हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ?" इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ? यहाँ तो जितने हैं, एक–से–एक छंटे हैं । |

1. " हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ?" - यहाँ किस सामाजिक समस्या की ओर संकेत है ? 1

(क) जातिप्रथा (ख) बालश्रम (ग) बेकारी (घ) अकाल

2. **सही वाक्य चुनकर लिखें ।** 1

(क) स्त्रियाँ पानी भरने आता है । (ख) स्त्रियाँ पानी भरने आते हैं ।
(ग) स्त्रियाँ पानी भरने आती है । (घ) स्त्रियाँ पानी भरने आती हैं ।

3. ऊँच – नीच के भेदभाव के बारे में आपका विचार क्या है ? 2

**11. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा – हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ?

1. 'दूर से लोग डाँट बताएँगे ।'- क्यों ? 1

(क) जोखू बीमार है । (ख) पानी खराब है । (ग) कुआँ दूर है । (घ) वे निम्न जाति के हैं ।

2. गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा ।- यहाँ प्रस्तुत रिवाज़ी पाबंदी और मज़बूरी क्या है ? 2

3. ठाकुर का कुआँ कहानी में चर्चित ' जातिप्रथा की समस्या ' पर **लघु लेख** लिखें । ( लेख लगभग 80 शब्दों का हो ) 4

**12. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 2 तक के उत्तर लिखें ।**

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा – हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ? यहाँ तो जितने हैं, एक–से–एक छंटे हैं ।

1. **' एक के क छंटे '**– का मतलब क्या है ? 1

(क) सबसे अच्छा (ख) सबसे बुरा (ग) आलस (घ) मेहनती

2. गंगी के विद्रोही दिल में सामाजिक अन्याय के विरुद्ध क्या-क्या विचार आते हैं ? 2

4. **आशय समझकर सही मिलान करें ।** 4

| | |
|---|---|
| मुँह सीधा न होना | कुएँ से पानी भरने देना |
| कलेजा मज़बूत करना | प्रसन्नता का भाव न होना |
| छाती पर साँप लोटना | धैर्य का अवलंपन करना |
| कुएँ पर चढने देना | अत्यंत जलन होना |

**13. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक का उत्तर लिखें ।**

कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी । गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी । इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है । किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ ये बदनज़ीब नहीं भर सकते । गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मजबूरियों पर चोटें करने लगा – हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं ? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल लेते हैं ? यहाँ तो जितने हैं, एक–से–एक छंटे हैं ।

1. गंगी का विद्रोही दिल किसपर चोटें करने लगा ? 1

2. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।** 2

- खराबी दूर होती है । (उबालने से, गंदे)
- पानी की खराबी दूर होती है ।
- ------------------।
- ------------------।

3. **आशय समझकर सही मिलान करके लिखें ।** 4

| | |
|---|---|
| रात के नौ बजे गंगी | माफी या रियायत की उम्मीद नहीं । |
| किसीकेलिए रोक नहीं | रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा । |
| गंगी का विद्रोही दिल | सिर्फ ये बदनसीब नहीं भर सकते । |
| वह पकड ली गई तो | ठाकुर के कुएँ से पानी लेने पहुँची । |

**14. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें ।**

कुएँ पर किसी के आने की आहट हुई । गंगी की छाती धक–धक करने लगी । कहीं देख लें तो गज़ब हो जाय । एक लात भी तो नीचे न पडे । उसने घडा और रस्सी उठा ली और झुककर चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई । कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आई थीं । इनमें बात हो रही थीं । 'खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताज़ा पानी भर लाओ ।'

1. औरतें कुएँ के पास क्यों आई थीं ? 1

2. **कोष्ठक के उचित शब्द सही स्थान पर रखकर पिरामिड की पूर्ति करें ।** 2

- गंगी वृक्ष के साये में खडी हुई । (अंधेरे, झुककर)
- गंगी चलती हुई वृक्ष के साये में खडी हुई ।
- ------------------------।
- ------------------------।

3. कहानी के आधार पानी भरने जाने से पहले गंगी और जोखू के बीच हुए **वार्तालाप** तैयार करें । 4

**15. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 2 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| कुएँ पर किसी के आने की आहट हुई । गंगी की छाती धक –धक करने लगी । कहीं देख लें तो गज़ब हो जाय । एक लात भी तो नीचे न पडे । उसने घडा और रस्सी उठा ली और झुककर चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई । कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आई थीं । इनमें बात हो रही थीं । ' खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताज़ा पानी भर लाओ । ' |

1. **नमूने के अनुसार बदलकर लिखें ।** 1

औरतें पानी भरने आई थीं । आदमियाँ पानी भरने -----------।

2. **सही विकल्प चुनकर लिखें ।** 1

(क) वह + से = उसे (ख) वे + से = उसे (ग) वह + को = उसे (घ) वे + को = उसे

3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें । 4

**16. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| कुएँ पर किसी के आने की आहट हुई । गंगी की छाती धक –धक करने लगी । कहीं देख लें तो गज़ब हो जाय । एक लात भी तो नीचे न पडे । उसने घडा और रस्सी उठा ली और झुककर चलती हुई एक वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई । कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आई थीं । इनमें बात हो रही थीं । ' खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताज़ा पानी भर लाओ । |

1. **सही विकल्प चुनकर लिखें ।** 1

(क) वह + में = उसमें (ख) वे + में = उसमें (ग) वही + में = उसमें (घ) यह + में = उसमें

2. गंगी वृक्ष के अंधेरे साये में जा खडी हुई । क्यों ? 1

3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर दोनों औरतों के बीच हुए **वार्तालाप** तैयार करें । 4

**17. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| दोनों पानी भरकर चली गईं, तो गंगी वृक्ष की छाया से निकली और कुएँ की जगत के पास आई । बेफिक्रे चले गए थे । ठाकुर भी दरवाज़ा बंद करके अंदर आँगन में सोने जा रहे थे । गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली । |

1. गंगी ने क्षणिक सुख की साँस ली । क्यों ? 1

(क) कुएँ के पास कोई नहीं था (ख) पानी भरने कोई स्त्रियों को देखकर

(ग) कुएँ की जगत पर चढ सकने पर (घ) ठाकुर को देखकर

2. **सही विकल्प चुनकर लिखें ।** 1

(क) हम + को = हमें (ख) हम + के = हमें (ग) हम + की = हमें (घ) हम + का = हमें

3. साफ पानी केलिए ठाकुर के कुएँ पर गयी गंगी अपनी परेशानियाँ माँ से बताना चाहती है । वह अपनी माँ को पत्र लिखती है । गंगी का **पत्र** तैयार करें ।

**18. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

| |
|---|
| गंगी दबे पाँव कुएँ की जगत पर चढी, विजय का ऐसा अनुभव उसे पहले न हुआ था । उसने रस्सी का फंदा घडे में डाला । अंत में देवताओं को याद करके उसने कलेजा मज़बूत किया और घडा कुएँ में डाल दिया । गंगी झुकी कि घडे को पकडकर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया । शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा । गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई। रस्सी के साथ घडा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं । ठाकुर ' कौन है, कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी । |

1. गंगी के हाथ से रस्सी क्यों छूट गई ? 1
2. ' शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा ।'- यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर की मुँह से क्यों की गई है ? 2
3. कहानी के आधार पर ठाकुर की चरित्रगत विशेषताओं पर **टिप्पणी** लिखें । 4

***** ऊँच जाति का ***** निर्दयी ***** नीच जाति से क्रूर व्यवहार करनेवाला ***** चोरी, जाल-फरेब करनेवाला

***** पैसे के दम पर कानून को अपने वश में लानेवाला ***** रिवाज़ों का उल्लंघन करनेवालों को कठिन दंड देनेवाला

SREEJITH R, KOVOOR VARKALA, SCRIPS

**19. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

> उसने रस्सी का फंदा घडे में डाला । अंत में देवताओं को याद करके उसने कलेजा मज़बूत किया और घडा कुएँ में डाल दिया । गंगी झुकी कि घडे को पकडकर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया । शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा । गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई । रस्सी के साथ घडा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं । ठाकुर ' कौन है, कौन है ?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी ।

1. **नमूने के अनुसार लिखें ।** 1

   दोनों पानी भरकर चली गईं ।   लोग पानी भरकर ----------------।

2. गंगी को विजय का ऐसा अनुभव पहले न हुआ था । क्यों ? 2

3. **आशय समझकर सही मिलान करें ।** 4

| | |
|---|---|
| स्त्री | यह पानी कैसे पिओगे ? |
| गंगी | कौन है ? कौन है ? |
| ठाकुर | पानी कहाँ से लाएगी ? |
| जोखू | मत लजाओ दीदी । |

**20. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

> गंगी झुकी कि घडे को पकडकर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया । शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा । गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई । रस्सी के साथ घडा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं । ठाकुर ' कौन है, कौन है ?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी । घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है ।

1. गंगी रस्सी छोडकर क्यों भाग गई ? 1

   (क) अपने पति से जल्दी मिलने की इच्छा से ।   (ख) ठाकुर द्वारा पकडे जाने के डर से ।

   (ग) कुएँ का पानी गंदा होने से ।   (घ) कुएँ से पानी मिलने से ।

2. गंगी क्यों रात को ठाकुर के कुएँ पर जाती है ? 1

3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर गंगी की **डायरी** तैयार करें । 4

**21. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

> गंगी झुकी कि घडे को पकडकर जगत पर रखे कि एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया । शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा । गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई । रस्सी के साथ घडा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं । ठाकुर " कौन है ?, कौन है ? " पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी । घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है ।

1. गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी ले नहीं सकती थी । क्यों ? 1

   (क) ठाकुर के कुएँ का पानी गंदा था ।   (ख) ठाकुर के कुएँ में जानवर मरा पडा था ।

   (ग) गंगी निम्न जाति की मानी जाती थी ।   (घ) ठाकुर का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है ।

2. जोखू ने गंदा पानी पीने का निश्चय क्यों किया ? 1

3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें । 4

**22. सूचना : ' ठाकुर का कुआँ ' कहानी का यह अंश पढें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें ।**

> एकाएक ठाकुर साहब का दरवाज़ा खुल गया । शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा। गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई । रस्सी के साथ घडा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं । ठाकुर ' कौन है, कौन है ?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी । घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला–गंदा पानी पी रहा है ।

1. कहानी में ठाकुर के दरवाज़े की तुलना किससे की है ? 1

   (क) कुत्ते के मुँह से   (ख) हाथी के मुँह से   (ग) शेर के मुँह से   (घ) बकरी के मुँह से

2. **सही विकल्प चुनकर वाक्य की पूर्ति करें ।** 1

   घडा धडाम से पानी में गिरा । घडा धडाम से पानी में –––––––––––––।

   (क) गिरेंगी   (ख) गिरेंगे   (ग) गिरेगा   (घ) गिरेगी

3. **वार्तालाप को आगे बढाएँ ।** 4

   गंगी – बापरे ! आप यह क्या कर रहे हैं ?

   जोखू – फिर मैं क्या करूँ गंगी ? प्यास के मारे गला सूख गया है ।

   ------- - ------------------------------

4. ' जाति प्रथा अभिशाप है '- यह संदेश देनेवाला एक **पोस्टर** तैयार करें । 4

5. ' जातिप्रथा एक अभिशाप है '– विषय पर संगोष्ठी होनेवाला है । इसकेलिए एक **पोस्टर** तैयार करें । 4